i`Lkj Hkkjrh

Hkkjrh; i`Lkj.k fuxe

vkdk'kok.kh dsUæ f'keyk

13-04-2026@i`k sf'kd lek!kj@1"00#$s

%yih$h

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में एलपीजी की वाणिज्यिक आपूर्ति 70 प्रतिशत तक बहाल कर दी गई है। पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज बताया कि बीते 14 मार्च से अब तक एक लाख 82 हज़ार टन से अधिक एलपीजी की वाणिज्यिक बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हेराफेरी को रोकने के लिए ओटीपी आधारित एलपीजी वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

&kiu

भाजपा ने शिमला के कमला नेहरू अस्पताल को स्थानांतरित करने और प्रतिबंधित मार्गों पर पास शुल्क वृद्धि के मुद्दे पर आज लोक भवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। अस्पताल स्थानांतरित करने के मुद्दे पर भाजपा नेताओं ने कहा कि इसे स्थानांतरित करने का प्रस्ताव न केवल अव्यवहारिक है बल्कि ये मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी गंभीर खतरा है। पार्टी ने आशंका जताई कि अस्पताल की भूमि का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है जो गंभीर विषय है। वहीं शिमला की प्रतिबंधित सड़कों पर पास शुल्क वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि इससे आम जनता, व्यापारियों और कर्मचारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

v'irky

इस बीच कमला नेहरू अस्पताल को आई.जी.एम.सी स्थानांतरित करने के मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने आज शिमला में प्रदर्शन किया। समिति की सचिव फालमा चौहान ने राज्य सरकार को महिला विरोधी करार दिया और कहा कि यदि इस फैसले को बदला नहीं गया तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

jk(;iky

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में तिब्बत समुदाय के योगदान की सराहना की है। राज्यपाल आज लोकभवन शिमला में उनसे मिलने आए तिब्बती प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा की उपस्थिति ने हिमाचल को वैश्विक स्तर पर एक विशेष पहचान दिलाई है। राज्यपाल ने कहा कि दलाई लामा की शिक्षाएं न केवल तिब्बती समुदाय बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

'kkf*y

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि सरकार उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सोलन ज़िले के कण्डाघाट में आज रोगी कल्याण समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों में तकनीकी उन्नयन के लिए 3 हज़ार करोड़ रूपये का निवेश करेगी। इससे लोगों को घर के समीप ही सुलभ और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का

लाभ मिलेगा। इस बीच धनीराम शांडिल ने कण्डाघाट उपमंडल की झाझा पंचायत में सम्पर्क मार्ग का भूमि पूजन भी किया।

vkjki

भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व पूर्व विधायक राजेन्द्र राणा ने कांग्रेस कार्यकाल में हुई करोड़ों रूपये की बेनामी सम्पत्तियों की जांच की मांग उठाई है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 3 वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में तबादला, भू और वन माफिया सक्रिय रहा है।

i+kfu;k

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चंबा में करीब 2 करोड़ रूपये की योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें नगर परिषद के प्रशासनिक भवन सहित अतिथि गृह और आवासीय परिसर का पुनर्निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जाएगा।

v,# dj

संविधान निर्माता बाबा साहिब डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर की जयंती कल मनाई जाएगी। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान स्थित डॉक्टर अम्बेदकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

———————————————————————